# तकनीकी शब्दों की शब्दावली

| क्रम.सं. | परिभाषा | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया | खरीददारी का एक ऐसा स्पष्ट तरीका है जिसमे बोली प्रतिस्पर्धी ठेकेदार, आपूर्तिकर्ता या विक्रेता से मंगाई जाती है जिसमें स्पष्ट तौर पर प्रस्तावित अनुबंध का क्षेत्र, विवरण और नियम या शर्तो के साथ ही साथ मापदंड भी होते है जिसके आधार पर बोली का मूल्यांकन किया जाएगा। |
| 2 | पारंपरिक तकनीक | यह एक साधारण ईट और पत्थर से निर्माण का तरीका है जो निर्माण संबंधी कार्यो में प्रयोग लाया जाता है। यह तकनीक लागत प्रभावी है और स्थिरता और गुणवत्ता के मुददों पर खरी उतरती है। |
| 3 | जल-निकासी प्रणाली | जल- निकासी प्रणाली एक ऐसी व्यवस्था है जिसमे तरल पदार्थ को एक अनुपयोगी स्थान से हटाकर दुसरे उपयोगी स्थान पर लाया जाता है। |
| 4 | जियो-टैग्ड-चित्र | जियो-टैग्ड-चित्र ऐसी चित्र है जिसमे चित्र जियो-टैगिंग के द्वारा उस भौगोलिक स्थिति से संबंधित होता है। |
| 5 | प्रभाव-मूल्यांकन अध्ययन | प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन, विश्लेषण की प्रक्रिया, नियोजित हस्तक्षेप, (नीतियों, कार्यक्रमों, योजनाओं, परियोजनाओं) के सकारात्मक तथा नकारात्मक दोनो पक्षों की निगरानी और इच्छित और अनपेक्षित सामाजिक परिणामों का प्रबंधन और इन हस्तक्षेपों के माध्यम से होने वाले सामाजिक परिवर्तन से निपटने का कार्य करता है। |
| 6 | कार्यान्वयन शुल्क | कार्यान्वयन शुल्क, परियोजना के कार्यान्वयन को अवधारणा से प्रवर्तन में लाता है, तथा लागत, गुणवत्ता और समय के बुनियादी दिशा-निर्देशों पर प्रतिस्पर्धात्मकता सुनिश्चित करता है। |
| 7 | लीच पिट | लीच पिट पत्थरों से भरा हुआ और बड़ा गड्ढा होता है जिसके द्वारा कम जगह में अपशिष्ट जल का निस्तारण किया जाता है। |

| | | |
|---|---|---|
| 8 | समझौता ज्ञापन | समझौता ज्ञापन, समझौते के शर्त और विवरण को प्रकाशित करते हुए दो या दो से अधिक पार्टियों के बीच एक गैर बाध्यकारी समझौता है जिसमे प्रत्येक पार्टी की अपेक्षा और जिम्मेदारी सुनिश्चित होती है। समझौता ज्ञापन प्राय: औपचारिक अनुबंध के निर्माण में प्रथम चरण होता है। |
| 9 | संग्रहण अग्रिम | संग्रहण/प्रारम्भिक अंग्रिम, प्राय: कार्य को प्रारम्भ करने हेतु संसाधनों को संग्रहण करने के लिए दिया जाता है। |
| 10 | नामांकन का आधार | नामांकन आधार से तात्पर्य एकल निविदाकार को दिए जाने वाले अनुबंध से है। |
| 11 | प्लिंथ स्तर | प्लिंथ एक ऐसा आधार या प्लेटफार्म है जिस पर स्तम्भ या संरचना खड़ा किया जाता है। |
| 12 | पी.पी.जी.आई. रिज | शीर्ष पर एक गोलाकार पट्टी है, जो जस्ती लोहा से पेंट होता है जो छत की चोटी को ढकता है। |
| 13 | प्रिकास्ट टेक्नोलॉजी | प्रिकास्ट टेक्नोलॉजी के अंतर्गत, कंक्रीट को पुन: उपयोग में लाने युक्त खांचे में ढाला जाता है और फिर नियंत्रित माहौल में तैयार किया जाता है, और फिर निर्माण स्थान पर स्थानांतरित करके उस स्थान पर उठाकर लगाया जाता है। यह शीघ्र बनने वाले खांचे तैयार करता है, अधिक मात्रा में इकाइ निर्माण के लिए प्रभावी व लागत वाला और गुणवत्ता और स्थिरता के मुददों पर खरा उतरता है। |
| 14 | प्रिफैब टेक्नोलॉजी | प्रिफैब टेक्नोलॉजी के अंतर्गत, निर्माण में कारखानों में तैयार किए गये सामान का प्रयोग किया जाता है। प्राय: प्रयोग मे लाए जानी वाली प्रिफैब मैटेरियल निम्न है- पोलीरियेन फोम पैनल (PUF), वुड्स पैनल, फाइबर ग्लास रेनफ़ोर्सड जिप्सम पेनल्स (GFRS), फाइबर रेनफ़ोर्सड एरेटेड सीमेंट सैंडविच इत्यादि। |
| 15 | प्रश्नावली | प्रश्नावली एक संरचित प्रपत्र होता है जो लिखित या मुद्रित होता है जिसमे एक या एक से अधिक संस्थाओं से किसी विषय या विषयों पर जानकारी एकत्र करने के लिए |

| | | |
|---|---|---|
| | | तैयार किए गये प्रश्नो का एक औपचारिक सेट शामिल है। |
| **16** | जोखिम और लागत खंड | इस खण्ड के अनुसार, अनुबंध के नियम और शर्ते नही पूरा करने पर या असामान्य देरी होने पर, कंपनी अनुबंध को पूर्णत: या उसके किसी भाग के अधिनिर्णय पत्र को रदद कर सकती है, और कंपनी ऐसे किसी सामान को किसी अन्य स्त्रोत से ठेकेदार के जोखिम और लागत पर खरीद सकती है। |
| **17** | कीमतों की सूची | कीमतों की सूची समय-समय पर केंद्र/ राज्य लोक-निर्माण विभाग द्वारा जारी की जाती है, जो विभिन्न सामानो तथा मजदूरी के एकांकी दरो को देता है जो वर्तमान में लागू तकनीक और बाज़ार-भाव पर आधारित होता है। |
| **18** | सांख्यिकीय नमूनाकरण विधि | यह एक प्रक्रिया है जिसमे एक निर्धारित जनसमूह से प्रतिनिधि नमूना चयनित किया जाता है और उस नमूने से इक्कठा किया गया डाटा, किसी विषय पर उस जनसमूह के बारे में समग्र जानकारी एकत्र करने हेतु प्रयुग किया जात है। |
| **19** | स्वच्छ विद्यालय अभियान | यह एमएचआरडी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य एक वर्ष के अंदर सभी सरकारी विद्यालयो में लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था करना है। |
| **20** | स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार | स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार, ऐसे विद्यालयो को चिन्हित व उत्कृष्ट हेतु प्रोत्साहित करने के लिए है जिन्होंने विद्यालय मे सफाई और स्वच्छता में सराहनीय कार्य किए है। |
| **21** | स्वच्छता स्थिति रिपोर्ट | सांख्यिकीय व कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में एक कार्यदल गठित किया गया, और स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत, संबंधित केन्द्रीय मंत्रालयों/ विभागों के सदस्यों द्वारा प्रगति की निगरानी के लिए रूपरेखा को अंतिम रूप देने, जहाँ सर्वेक्षण की आवश्यकता हो, वहां संगत प्रक्रिया का विकास करनेऔर स्वच्छता स्थिति |

| | | |
|---|---|---|
| | | रिपोर्ट की संरचना निर्धारित करने हेतु गठित किया गया था। |
| **22** | अस्थायी/ चलित शौचालय | अस्थायी/ चलित शौचालय ऐसे शौचालय हैं जो आसानी से स्थानांतरित किए जा सकते हैं। चलित शौचालय जमीन से खोदे गए गड्ढ़े से संबंधित नही होते है (पिट शौचालय की तरह) और न ही सेप्टिक टैंक और नगरपालिका के सीवेज संशोधन प्लांट से जुड़े होते है। यह परिभाषा के अनुसार कही भी स्थापित किया या ले जाया जा सकता है। |
| **23** | जल खंड | जल खंड सिरेमिक सेनेटरी वेयर उत्पाद है जो शौचालय के तौर पर प्रयोग में लाया जाता है। इस प्रकार के शौचालय ज्यादा स्वच्छकारी और सफाई करने में आसान होते हैं। |